# शासकीय जे. योगानन्दम् छत्तीसगढ महाविद्यालय,रायपुर (छ0ग0)
## स्वशासी प्रकोष्ठ

क्रमांक 637 /स्वा/25 रायपुर, दिनांक 17.4.2025

## –:: पुनर्गणना व चुनौती पुनर्मुल्यांकन हेतु आवेदन ::–

### स्नातक (बी.ए./बी.एससी./बी.कॉम.) प्रथम सेमेस्टर (नवीन पाठ्यक्रम) परीक्षा 2024–25

स्वशासी विभाग द्वारा आयोजित **स्नातक (बी.ए./बी.एससी./बी.कॉम.) प्रथम सेमेस्टर परीक्षा 2024–25** के उत्तर पुस्तिकाओं के **पुनर्गणना/चुनौती पुनर्मुल्यांकन** हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है । इस हेतु नियमावली निम्नानुसार है:–

**पुनर्गणना हेतु निर्देश :–**

1. पुनर्गणना हेतु पुनर्गणना शुल्क प्रति उत्तर पुस्तिका 50/– एवं आवेदन फार्म शुल्क 50/– ।
2. प्रायोगिक परीक्षाओं, क्षेत्र कार्य (Field Work) आन्तरिक मूल्यांकन (Internal Exam)] असाईनमेंट (Assignment) तथा किसी परीक्षा के प्रश्न–पत्र के स्थान पर प्रस्तुत शोध प्रबंध (Dissertation) के पुनर्गणना की अनुमति नहीं है ।
3. आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की **अंतिम तिथि 26/04/2025** है, इस तिथि के बाद आवेदन पत्र स्वीकार नही किए जाएंगे ।
4. पं रविशंकर शुक्ल विश्वविधालय रायपुर अध्यादेश क्रमांक 5 कण्डिका 2 में निहीत प्रावधान के अनुसार : पुनर्गणना के पश्चात यदि परीक्षार्थी मूल अंक से कम अंक प्राप्त करता है तो ऐसी स्थिति में कम हुए प्राप्तांकों के बराबर उसके प्राप्तांक माने जावेंगे ।

**चुनौती पुनर्मुल्यांकन हेतु निर्देश :–**

1. चुनौती पुनर्मुल्यांकन हेतु अधिकतम दो प्रश्नपत्रों में आवेदन कर सकते है।
2. प्रायोगिक परीक्षाओं, क्षेत्र कार्य (Field Work) आन्तरिक मूल्यांकन (Internal Exam)] असाईनमेंट (Assignment) तथा किसी परीक्षा के प्रश्न–पत्र के स्थान पर प्रस्तुत शोध प्रबंध (Dissertation) के चुनौती पुनर्मुल्याकन की अनुमति नहीं है ।
3. चुनौती पुनर्मुल्याकन हेतु उत्तर पुस्तिका प्राप्त करने के लिए दिनांक 26/04/2025 तक आवेदन कर सकते है। चुनौती राशि 3000/– (तीन हजार रू. मात्र) प्रति प्रश्नपत्र जमा करना होगा। प्रश्नपत्र में निर्धारित अधिकतम अंक से 10% या उससे अधिक अंक की वृद्धि होने पर चुनौती राशि वापस की जाएगी।
4. उत्तर पुस्तिका प्राप्त होने के 07 दिवस के अंदर प्राप्त अंक से संतुष्ट नहीं होने पर पुनर्मुल्यांकन हेतु आवेदन करना पड़ेगा। जिसका शुल्क निम्नानुसार होगा, यह शुल्क वापस नहीं की जाएगी।

| प्रश्नपत्रों की संख्या | पुनर्मुल्यांकन शुल्क | आवेदन पत्र शुल्क |
|---|---|---|
| एक प्रश्नपत्र | 250 | 50 |
| दो प्रश्नपत्र | 500 | 50 |

5. पुनर्मुल्यांकन में 10% से कम अंक की वृद्धि/कमी या पुनर्मुल्यांकन हेतु आवेदन नहीं करने पर चुनौती राशि वापस नहीं की जाएगी।
6. शुल्क की रसीद संभाल कर रखे। 10% से अधिक की वृद्धि होने पर रसीद के साथ आवेदन करने पर चुनौती राशि वापस की जाएगी।

Dalare
17/4/2025
परीक्षा नियंत्रक
Controller of Examination,
Govt. J. Y. Chhattisgarh College,
RAIPUR. (C.G.)

17-4-25
प्राचार्य
PRINCIPAL
Govt. J. Y. Chhattisgarh College,
RAIPUR. (C.G.)